# बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0

## दिनांक–15.04.2025 को सम्पन्न उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही

कार्य प्रमण्डल नालन्दा (बिहारशरीफ), बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 के अन्तर्गत **नालन्दा जिलान्तर्गत नूरसराय–अहियापुर–सिलाव होते हुए एन0एच0–82 सालेपुर से राजगीर तक 4लेन हाईवे (बौद्ध सर्किट को जोड़ने वाला राजगीर का पर्यटन मार्ग) के निर्माण कार्य** के निविदा की तकनीकी बीड जिसपर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति से अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति :–**

(i) प्रबंध निदेशक, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।

(ii) उप मुख्य अभियंता, कार्य अंचल–2, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।

(iii) उप मुख्य अभियंता, कार्य अंचल–1, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।

2. वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमण्डल नालन्दा (बिहारशरीफ), बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 के पत्रांक–225(अनु0) दिनांक–07.02.2025 के माध्यम से तकनीकी बीड की तुलनात्मक विवरणी (पृ0–27/प0), अनुशंसा तथा पत्रांक–325(अनु0) दिनांक–28.02.2025(पृ0–28–161/प0) द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र तथा BG की सत्यापित प्रति अंचलीय कार्यालय को समर्पित किया गया है। समर्पित तुलनात्मक विवरणी के आधार पर अंकित विवरणी निम्नवत् है:–

| | | |
|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | :–नालन्दा जिलान्तर्गत नूरसराय–अहियापुर–सिलाव होते हुए एन0एच0–82 सालेपुर से राजगीर तक 4लेन हाईवे (बौद्ध सर्किट को जोड़ने वाला राजगीर का पर्यटन मार्ग) के निर्माण कार्य। |
| 2.2 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | :–वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमण्डल, नालन्दा (बिहारशरीफ)। |
| 2.3 | निविदा संख्या एवं तिथि | :–415 दिनांक–19.06.2024 (पृ0–06/प0) |
| 2.4 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | :–पुनर्निविदा नहीं है। |
| 2.5 | निविदा के अनुमानित लागत | :– रू0 69652.00 लाख (पृ0–06/प0) |
| 2.6 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | :–रू0–86263.38 लाख मात्र (पथ निर्माण विभाग का पत्रांक–5066(S) दिनांक–22.08.2023, (पृ0–01–03/प0) |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | :–30 (तीस) माह (पृ0–06/प0) |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | :– ई–टेंडरिंग (EPC) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | :–15.01.2025 (पृ0–14/प0, शुद्धि–07) |
| 2.10 | प्राप्त निविदाकारों की संख्या | :–04 (चार) अदद यथा:–<br>(1) IRCON International Ltd., New Delhi- M/s AMR India ltd. Hydrabad (JV)<br>(2) Nalanda Engicon Pvt. Ltd., Patna-Niraj Cement Structurals Ltd. Mumbai (JV)<br>(3) Altis-Holding Carporation, Kyiv - M/s Siddharth Construction, Lucknow (JV)<br>(4) Rajbir Costruction Pvt. Ltd., Ranchi |
| 2.11 | तकनीकी बीड की जाँच | :–तकनीकी मूल्यांकन समिति स्तर से जाँच की गई तुलनात्मक विवरणी संलग्न (पृ0–162–166/प0)। |
| 2.12 | तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति का निर्णय | :–विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित निविदा में कुल 04 (चार) निविदाकारों ने भाग लिया गया, जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन निम्नरूपेण है:–<br><br>(1) IRCON International Limited- M/s AMR INDIA LIMITED.(JV) के रूप में निविदा में भाग लिया गया, जिसमें 2nd Partner M/s |

AMR INDIA LIMITED द्वारा Similar Nature, Pile Work, GSB/WMM, DBM/BC/BM & RE Wall की अहर्त्ता को पूर्ण नही करने के कारण RFP की कंडिका 2.2.2.2 (II) A एवं (II) B के तहत Nonresponsive घोषित।

(2) Nalanda Engicon Pvt. Ltd., -Niraj Cement Structurals Limited (JV) के रूप में निविदा में भाग लिया गया। Lead Partner Nalanda Engicon Pvt. Ltd द्वारा GSB/WMM, DBM/BC/BM & RE Wall की अहर्त्ता को पूर्ण नही करने तथा 2nd Partner Niraj Cement Structurals Limited द्वारा Concrete Work की अहर्त्ता ए Pile, Earth Work, Non Bituminous, Bituminous, RE Wall की Quantity Year Wise नही होने के कारण RFP की कंडिका 2.2.2.2 (II) B के तहत Nonresponsive घोषित।

(3) Altis - Holding Corporation- M/s Siddharth Construciton (JV) के रूप में निविदा में भाग लिया गया। Lead Partner Altis - Holding Corporation- द्वारा DBM/BC/BM की अहर्त्ता को पूर्ण नही करने तथा 2nd Partner M/s Siddharth Construciton द्वारा Pile & RE Wall की Quantity पूर्ण नही होने के कारण RFP की कंडिका 2.2.2.2 (II) B के तहत Nonresponsive घोषित।

(4) Rajbir Costruction Pvt. Ltd.द्वारा निविदा में माँगी गई सभी अर्हता को पूर्ण करने के फलस्वरूप Responsive घोषित।

## उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय

विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित निविदा में कंडिका 2.10 में उल्लेखित 04 (चार) निविदाकारों ने भाग लिया। तकनीकी बीड मूल्यांकन में 01 (एक) निविदाकार Rajbir Costruction Pvt. Ltd., Ranchi द्वारा निविदा की सभी आर्हत्ता को पूर्ण करने के फलस्वरूप Responsive घोषित किया जाता है तथा शेष तीन निविदादाता को कंडिका 2.12 में उल्लेखित तथ्यों के आलोक में तकनीकी बीड में Nonresponsive घोषित किया जाता है।

निदेशक पर्षद की 248/15 दिनांक–06.07.2022 बैठक की कारवाई में दिये गये निदेश के अनुपालन में उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड को अनुमोदित किया जाता है। विषयांकित कार्य हेतु निविदा प्रथम बार आमंत्रित है, जिसमें एक ही निविदाकार तकनीकी बीड में Responsive पाए गए है। एकल निविदादाता होने के फलस्वरूप वित्त विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक–7806 दिनांक–30.09.2016 (पृ0–167/प0) के आलोक में विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित निविदा को रद्द करने के साथ पुनः निविदा आमंत्रित करने हेतु अनुशंसा की जाती है। साथ ही समिति द्वारा यह निर्णय लिया जाता है कि इस कार्यवाही को निगम के Website पर 03 (तीन) दिनों यथा दिनांक–25.04.2025 तक संवेदक के संज्ञान में लाने हेतु रखा जाए।

15/4/25
उप मुख्य अभियंता,
कार्य अंचल–2
बि०रा०पु०नि०नि०लि०, पटना।
15/04/25

15.4.25
उप मुख्य अभियंता,
कार्य अंचल–1
बि०रा०पु०नि०नि०लि०, पटना।

15.4.25
प्रबंध निदेशक,
बि०रा०पु०नि०नि०लि०,
पटना।
15/04/25